(ख) से (ग) आयोग के मूल उद्देश्यों में से एक उद्देश्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के कमजोर वर्गों के लिए खेतों से भिन्न किस्म के रोजगार सृजित किये जाएं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अग्रणी आधार पर बिहार के जिला सहरसा और उड़ीसा के जिला कालाहाण्डी में एक विशेष रोजगार सृजन योजना चालू की गयी है। सहरसा और कालाहाण्डी में प्राप्त होने वाले अनुभवों के आधार पर 1992-93 के दौरान यह कार्यक्रम 13 चुनिंदा जिलों में आरंभ किया जाएगा। आठवीं पंचवर्षीय योजना में यह कार्यक्रम देश के 50 जिलों में लागू हो जाएगा। वर्ष 1992-93 के दौरान विशेष रोजगार कार्यक्रम के लिए चुने गये जिले निम्न-लिखित हैं :—

क्रमांक	राज्य	जिला
1.	असम	मारगांव
2.	आन्ध्र प्रदेश	आदिलाबाद
3.	बिहार	सहरसा
4.	गुजरात	बनासकांठा
5.	हिमाचल प्र	चम्बा
6.	केरल	अल्लेप्पी
7.	मध्य प्रदे	सरगुजा
8.	महाराष्ट्र	चंद्रपुर
9.	उड़ीसा	कालाहाण्डी
10.	राजस्थान	दौसा
11.	तमिलनाडु	रामनाथपुरम
12.	उत्तर प्रदेश	मऊ नाथ रंजन (मऊ)
13.	पश्चिमी बंगाल	बीरभूम

Cost and time over-run problem in PSUs

3018. SHRIMATI KAMLA SINHA: •*mil* the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that at least 168 public sector projects have run into serious cost and tme overrun problems durng the financial year 1992-93.

(b) if so, the details thereof project-wise;

(c) whether the revised project cost has exceeded the revised estimates;

(d)£f so, what means Government have envisaged to finance the revised project cost; and

(e) what are the dates of completion of these public sector projects?

THE MINISTER OF STATE OJ THE MINISTRY OF PLANNING ANI PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) to (c) and (e) As on 31.12.92, 165 public sector projects have reported cost overrun beyond their latest revised costs. Of these, 67 projects have registered cost increase of more than 50 per cent. The extent of cost overrun and their latest anticipated dates of completion is shown in the Annexure. (See Appendix CLXVI, Annexure No. 53)

(d) Goverment envisagr to finanne the revised project cost through in creased budget support to the concer ned Minstry or the latter's internal resources or extra-budgetary resour ces.

देश में रुग्ण औद्योगिक इकाइयां

3019. **श्री मूलचन्द मीणा :**
श्री इकबाल सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में रुग्ण इकाइयों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) इन इकाइयों की रुग्णता दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि रुग्ण इकाइयों में लगे बहुत से इंजीनियरी और अन्य तकनीकी श्रेणियों के कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं ;